जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकःजीविवि/परीक्षा–2/गोप0/2012/1221 दिनांक : 15.06.2012

/ / अत्यावश्यक / /

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर म0प्र0

विषयः– स्नातक बी0ए0/बी0एस0सी0/बी0कॉम0/बी0एस0सी0 (होमसाइंस) सत्र् **2012–13 के प्रथम सेमेस्टर में ऑनलाइन प्रवेशित छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय समूहों में ही प्रवेश देने बावत्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत निर्देशित किया जाता है कि म0प्र0 शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सत्र् 2012–13 से स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गयी है।

सत्र् 2012–13 में स्नातक बी0ए0/बी0एस0सी0/बी0कॉम0/बी0एस0सी0 (होमसाइंस) प्रथम सेमेस्टर में ऑनलाइन पंजीयन के पश्चात् प्रवेश लेने वाले छात्रों को निम्नानुसार विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय समूहों में ही प्रवेश प्रदान करें, यदि प्रवेशित छात्रों के विषय समूहों में कोई विसंगति पायी जाती है तो इस हेतु महाविद्यालय पूर्ण उत्तरदायी होगा तथा महाविद्यालय की प्रवेश सूची को विश्वविद्यालय द्वारा मान्य नहीं किया जायेगा। कृपया निर्देशों का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें।

–: विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न संकाओं हेतु निर्धारित विषय समूह :–

स्नातक कक्षा हेतु विषय–समूह

(अ) कला संकाय (बी.ए.)

क्रं.	अनिवार्य विषय समूह	आधार पाठ्यक्रम
1.	विषय समूह प्रथम	अंग्रेजी साहित्य/संस्कृत/मराठी/उर्दू/हिन्दी साहित्य/फंक्शनल अंग्रेजी/फंक्शनल हिन्दी
2.	विषय समूह द्वितीय	इतिहास/अर्थशास्त्र/सांख्यिकी/दर्शनशास्त्र
3.	विषय समूह तृतीय	समाजशास्त्र/डिफेन्स एण्ड स्ट्रेटेजिक स्टडीज/ मनोविज्ञान/गृहविज्ञान
4.	विषय समूह चतुर्थ	भूगोल/राजनीतिशास्त्र/चित्रकला/संगीत (मौखिक) वाद्य तथा नृत्य/गणित/कम्प्यूटर एप्लीकेशन

(ब) विज्ञान संकाय (बी.एससी.)

क्रं.	अनिवार्य विषय समूह	आधार पाठ्यक्रम
1.	विषय समूह प्रथम	रसायनशास्त्र/सांख्यिकी/भूविज्ञान/सैन्यविज्ञान/स्टिल फोटोग्राफी/कम्प्यूटर साइंस/इलैक्ट्रोनिक्स
2.	विषय समूह द्वितीय	गणित/प्राणिकी/अर्थशास्त्र
3.	विषय समूह तृतीय	भौतिकशास्त्र/वनस्पतिशास्त्र
4.	विषय समूह चतुर्थ	भूगोल/इण्डिस्ट्रयल कैमेस्ट्री/बायोकैमेस्ट्री/ इण्डिस्ट्रयल माइक्रोबायोलॉजी/बायोटैक्नोलॉजी/ इनवायरमेंटल साइंस

-----2

(स) वाणिज्य संकाय (बी.कॉम)

क्रं.	अनिवार्य विषय समूह	आधार पाठ्यक्रम
1.	विषय समूह प्रथम	एकाउन्ट ग्रुप
2.	विषय समूह द्वितीय	मैनेजमेन्ट ग्रुप
3.	विषय समूह तृतीय	एप्लाईड इकोनोमिक्स/कम्प्यूटर एप्लीकेशन

आशा है निर्देशानुसार छात्रों को सही विषय समूह में प्रवेश प्रदान कर विश्वविद्यालय को सहयोग प्रदान करेंगे।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय .... ग्वालियर की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त पत्र को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर–चम्बल संभाग, मोतीमहल, ग्वालियर।
3. उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी वि.वि., ग्वालियर।
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वा0।

उप–कुलसचिव(गोपनीय/परीक्षा)